एकात्म भारत के लिए
सुरेंद्र मिश्रा द्वारा प्रकाशित

# एकात्म भारत

@EkatmaBharat
दैनिक एकात्म भारत

अश्विन शुक्ल पक्ष द्वितीया
सोमवार विक्रम संवत् 2076

जो एकात्म है वही भारत है

30 सतंबर 2019, इंदौर
e-paper : www.ekatmabharat.com

## प्रधानमंत्री ने मन की बात में कहा कि त्यौहार की खुशियां वंचित लोगों से बांटें

### दो अक्टूबर को सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ देशव्यापी अभियान का हिस्सा बनें

एकात्म भारत. दिल्ली



प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को नवरात्रि, दुर्गापूजा, दशहरा, दीवाली, भैया-दूज, छठ पूजा समेत सभी त्योहारों की शुभकानाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान कुछ लोगों के घर खुशियों से भरे होंगे लेकिन हमारे आस-पास ढेर सारे ऐसे लोग हैं जो इन त्योहारों की खुशियों से वंचित रह जाते हैं। इसे 'चिराग तले अंधेरा' कहते हैं। एक ओर कुछ घर रोशनी से जगमगाते हैं, तो दूसरी ओर कुछ लोगों के घरों में अंधेरा होता है। कुछ घरों में मिठाइयां खराब हो रही होती हैं तो कुछ घरों में बच्चे मिठाई के लिए तरसते हैं। क्या इस बार, त्योहारों पर पूरी जागरूकता और संकल्प के साथ इस चिराग तले अंधेरे को हम मिटा सकते हैं। आइये हम वहां भी खुशियां बांटे जहां अभाव है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दूसरे कार्यकाल में रविवार को चौथी बार 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए लोगों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में दिवाली पर पटाखे छोड़ने के दौरान दूसरों की परेशानियों का ख्याल रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस दो अक्टूबर को सभी देशवासी सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ देशव्यापी अभियान का हिस्सा बनें। पिछली बार 'मन की बात' कार्यक्रम में भी उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक लगाने का संकल्प लेने का आह्वान किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने महात्मा गांधी की 150वीं जन्म जयंती पर स्वच्छता का संकल्प लेने और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चलाए जाने वाले अभियान में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज जब हम बापू की 150वीं जयंती मना रहे हैं तो इसके साथ साथ सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त होने का भी संकल्प लें। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भारत पूरी दुनिया में जिस तरह उल्लेखनीय काम किया है। उससे विश्व की नजरें हमारी ओर हैं। मुझे यकीन है कि आप सभी दो अक्टूबर को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा बनेंगे। प्रधानमंत्री यूएस ओपन के फाइनल में हारने वाले खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव से भी प्रेरणा लेने की बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से अपील की कि इस बार त्यौहारों पर वे बेटियों के सम्मान में कार्यक्रमों का आयोजन करें। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में बेटियों को लक्ष्मी माना गया है क्योंकि बेटियां सौभाग्य और समृद्धि लाती हैं। क्या इस बार हम अपने समाज में, गांवों में, शहरों में बेटियों के सम्मान के कार्यक्रमों का आयोजन कर सकते हैं। यही नहीं प्रधानमंत्री ने स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम कर रहे युवा रिपुदमन बेल्वी से भी टेलिफोन पर बात की और उनके कार्यों की सराहना की। पीएम मोदी ने सरदार पटेल की जयंति का उल्लेख करते हुए कहा कि आने वाले 31 अक्टूबर को हमें देश की एकता के लिए दौड़ लगाना है। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती है। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' हम सभी का सपना है। इसी के मद्देनजर 31 अक्टूबर को पूरे देश में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जा रहा है। सभी देश वासियों से अपील है कि इसके लिए आप अभी से तैयारियां शुरू कर दीजिए। हिंदुस्तान के गांवों, स्कूलों, कॉलेजों सभी जगहों पर सभी को देश की एकता और अखंडता के लिए दौड़ना है।

## रांची विवि के छात्रसंघ चुनाव में पांचों पदों पर एबीवीपी जीती



रांची. रांची विश्वविद्यालय छात्र संघ के पांचों पदों पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रत्याशियों ने निर्विरोध जीत हासिल की है। इसकी आधिकारिक घोषणा शुक्रवार को विवि मुख्यालय में रिटर्निंग ऑफिसर डॉ प्रभात कुमार सिंह ने की। कुलपति समाभागर में सभी विजयी प्रतिभागियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। कुलपति डॉ रमेश कुमार पांडेय ने विजयी उम्मीदवारों को माला पहनाकर बधाई दी। मौके पर प्रति कुलपति डॉ कामिनी कुमार, कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी, डीएसडब्ल्यू डॉ पीके वर्मा आदि मौजूद थे। प्रदेश संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फाइव पी के मॉडल पर काम करेगी। इसमें परिसर, प्रवेश, पाठ्यक्रम, परीक्षा और परिणाम पर सुदृढता के साथ काम किया जायेगा। साथ ही कैंपस कैसे सशक्त और सुरक्षित बने इस पर विशेष ध्यान रहेगा। उन्होंने कहा कि रांची विवि के इतिहास में 59 वर्ष बाद पहली बार बिना गठबंधन के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। यह जीत राष्ट्रवादी विचारधारा की है।

## धारा 370 हटने के बाद अब जम्मू कश्मीर में 24 अक्टूबर को बीडीसी के चुनाव



एकात्म भारत. जम्मू

जम्मू-कश्मीर के आधिकारिक तौर पर केंद्र शासित प्रदेश बनने से ठीक एक हफ्ते पहले 24 अक्टूबर को राज्य में ब्लॉक डेवलपमेंट काउंसिल के चुनाव होंगे। जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने रविवार को इसकी घोषणा की।

न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शैलेंद्र कुमार ने रविवार को कहा कि पूरे जम्मू-कश्मीर में ब्लॉक डेवलपमेंट काउंसिल के चुनाव 24 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से 1 बजे के बीच होंगे। इसी दिन वोटों की गिनती की जाएगी जो कि दोपहर 3 बजे शुरू होगी। ये चुनाव राज्य के 316 में से 310 ब्लॉक में होगा।

शैलेंद्र कुमार ने कहा कि इन चुनावों में पिछले साल चुने गए पंच और सरपंच इन ब्लॉक के लिए बीडीसी चेयरपर्सन चुनेंगे। निर्वाचकों की संख्या 26,629 है और चुनाव बैलेट बॉक्स के माध्यम से होंगे। उन्होंने बताया कि हर उम्मीदवार अपने चुनावी प्रचार के लिए सिर्फ 2 लाख रुपये खर्च कर सकता है. यह पहला ऐसा कदम होगा जो जम्मू-कश्मीर में मौजूदा सुरक्षा स्थिति का परीक्षण करेगा।

ये घोषणा गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान के ठीक एक दिन बाद हुई है जिसमें उन्होंने कहा था कि कश्मीर में किसी भी तरह की पाबंदियां नहीं है और यह विपक्ष द्वारा फैलाई जा रही गलत जानकारी है। राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर हुए एक सेमिनार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि कहां पाबंदियां हैं? यह सिर्फ आपके दिमाग में हैं। वहां कोई भी पाबंदी नहीं है। पाबंदियों को लेकर गलत जानकारी फैलाई जा रही है। 5 अगस्त को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटा दिया गया था।